चित्र भारती
कथामाला
स. ७७ मूल्य ४.००
इमारतों की चोरी
Scan & editing
by
Rahul Dubey

इमारतों की चोरी

देश की अद्भुत कलात्मक धरोहर 'रागमहल' की विशेषता यह है कि उसके हर कक्ष में साधारण आवाज करने से प्रतिध्वनि के रूप में वाद्यों का स्वर गूंजता है। लाखों देशी-विदेशी लोग उसे देखने रोज आते हैं।

टरन.. टरन..

मयंक उठो, आज इतवार नहीं है।

आज इतवार नहीं है तो इसमें मेरी क्या गलती ?

अरे, मुर्गे महाशय, बाँग देना बंद करो, मैं उठ गया

गुड मार्निंग पापा
गुडमार्निंग, उठ गये...

नाश्ता ठण्डा हो रहा है ... बस क्या खबरों का ही नाश्ता करते रहोगे अखबार में।

अखबार की खबरें आपके नाश्ते से कहीं ज्यादा गर्म होंगी ?

विश्व विख्यात इमारत राग-महल के अस्तित्व को खतरा।

सुनकर मयंक चौंक जाता है..
क्या हुआ पापा, क्या कोई हमारे देश पर हवाई हमला करने वाला है?

बम से मुझे बहुत डर लगता है. मैं तो मम्मी की गोद में घुस जाऊंगा
मम्मी की गोद को खाई समझ रखा है क्या?

आपने तो पहले ही डाँट का बम गिरा दिया!
पर राग महल को क्या खतरा है?
Scan & editing by Rahul Dubey

तुम तो जानती हो राग महल की विशेषता?
पापा, मैं बताऊं?

हाँ बताओ

यह इमारत हमारे देश के प्राचीन कलाकारों की अद्भुत प्रतिभा का नमूना है। इसके कमरों का डिजाइन और दीवारों में लगाया गया सामान कुछ ऐसा है कि साधारण आवाज लगाने पर प्रतिध्वनि के रुप में वाद्यों का स्वर गूंजता है.. कहीं तबला... कहीं सांरगी... कही हारमोनियम...

बुढ़ापे में सभी कमजोर होकर ढहने लगते हैं. राग महल भी...
वो तो है. पर ढहने पर मलवा दिखता है. यहाँ धीरे-धीरे इमारत का हिस्सा ही विलीन होता जा रहा है।

तब, कारण कुछ और है. सोचना पड़ेगा।

मयंक की बहन प्रियंका का प्रवेश...
मजा आयेगा, क्यों न पापा हम राग-महल को देखने चलें...

हाँ.. पिछले साल ड्राइंग बुक में मैंने उसका स्केच बनाया था. कितना प्यारा लग रहा था
अब वह दुख में है. बीमार है हमें उससे मिलने जाना ही चाहिये।

होम मिनिस्ट्री अगर परमीशन दे तो अगले सण्डे वहाँ पिकनिक की जाये?
भला मुझे क्या एतराज?
अगले सण्डे.. पर आपकी नौकरी का क्या भरोसा क्या मालूम अगले सण्डे कोई छापा मारने वाला काम न आ जाये।

अजीब बात है — इमारत यूं मल रही है जैसे उसे कोढ हो गया हो, स्कूल में दोस्तों को यह खबर सबसे पहले मैं ही सुनाऊंगा।

स्कूल में....
सच आश्चर्य है।
हमें भी सण्डे को अपने साथ ले चलना।

हमें भी तो ले चलना मयंक!
अगर कार में जगह होगी तब मैं ले चलूंगा।

मयंक अपनी ड्राइंग कापी निकालता है।
यह देखो राग महल का स्केच जो मैंने पिछले साल बनाया था..

राग-महल तो इतना प्रसिद्ध है कि उसकी आकृति याददाश्त से कोई भी बना सकता है।
क्यों न रबर से अब इस चित्र के वे हिस्से मिटा दें जो गायब हो गये हैं।

पर हमें अभी सही-सही नहीं मालूम कि कौन से हिस्से गायब हैं।
अगले सप्ताह जाओगे तो देख लेना
हाँ, तब यह ड्राइंग कापी ले जाऊंगा और मिलान करके गायब हुए हिस्सों को मिटा दूंगा।

अच्छा होगा, अगर इसमें रबर चलाने की जगह राग-महल का नया चित्र ही बना लिया जाये।
हाँ, यह ठीक रहेगा, फिर दोनों चित्रों की तुलना सहजता से की जा सकेगी।

इतवार का दिन.. पिकनिक की तैयारी...
पापा, अभिषेक भी हमारे साथ चलेगा।
अच्छा है।

पर आप फाइलें क्यों ले रहे हैं। क्या वहाँ काम करेंगे?
हाँ बेटे, मेरा पिकनिक मनाने का तरीका कुछ और है।

मंयक, तुमने अपनी ड्राइंग-कापी रख ली?
हाँ, मुझे याद है!
तुम्हारे पास ड्राइंग-कापी है और मेरे पास है यह कैमरा!
Scan & editing by Rahul Dubey

बहुत खूब, अब हम राग-महल के फोटोग्राफ भी ले सकेंगे।
आज आलोक चाचा होते तो खूब मजा आता।
कौन आलोक चाचा?

मयंक का कुत्ता विकी भी चलने को तैयार है...
चलो कार में बैठें देखो विकी पहले से ही सीट पर जमा है!

पहले आलोक चाचा हमारे साथ थे अब फेरुला देश में इंजीनियर हैं. वाह क्या दिमाग है उनका?

एकाएक विकी भौंकने लगा...
क्या हुआ? चारों तरफ धुंधलका है खराश हो रही है।
यहाँ कारखाने हैं? खाँसी भी।

लगता है प्रदूषण हो गया.. कारखाने की चिमनी से धुआं निकल रहा है कि धूल...

लोग कहते हैं कि ऐसे ही प्रदूषण के कारण राग महल का सौन्दर्य नष्ट होता जा रहा है...

आलोक चाचा बताते थे कि चिमनी से निकली सल्फर डाय आक्साइड गैस वायुमण्डल की नमी से सल्फ्यूरिक एसिड बनाती है जो राग महल के संगमरमरी पत्थरों याने केल्शियम कार्बोनेट से कार्बन डाइ-आक्साइड बनाती है...

तभी कार को झटका लगा...
देखो बचाओ... उधर ट्रक।

सहसा दोनों ट्रक आपस में टकरा कर पलट गये। ट्रक में भरे सिलेण्डर जमीन पर लुढ़क पड़े....

हे भगवान यह क्या हो गया?
यह सिलेण्डर कैसा है? इसमें से कुछ निकल रहा है लालसा

विकी सिलेण्डर सूंघने लगा...

सूंघते ही विकी को क्या हो गया। वह सिर के बल खड़ा हो गया।

सबने नाक बंद कर ली
चलो, यहाँ दुर्गन्ध फैल रही है।
मुझे कान में धर्र-धर्र सुनाई पड़ रहा है।

लगता है गैस लीक हो गई सिलेण्डर से कार का पंखा चालू कर देते हैं।
पानी की बोतल से रुमाल गीला करके आँखों पर रख लो।

बाल बाल बच गये
विकी शीर्षासन कर रहा था। मुझे भी वैसी इच्छा हो रही है पर यहाँ कार में।

थोड़ी देर बाद रास्ते में थाना पड़ा...
मैं अभी पुलिस को खबर कर देता हूँ— एक्सीडेण्ट की।
पुलिस थाना

लौटकर...
बस अब राग-महल दस मिनिट में पहुँच जायेंगे।
वाह, तब मजा आयेगा।

राग महल पहुँचने पर वहाँ आलोक चाचा के आर्किटेक्ट मित्र सिन्हा मिल गये...
हैलो सिन्हा
नमस्कार भाई साब
कैसा काम चल रहा है?
मैं यहाँ इमारत की देखभाल करवा रहा हूँ।

हम कई रसायनों से पत्थरों को धो रहे हैं, लेकिन जिस रफ्तार से हम इस राग महल को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, उसका ह्रास उससे कहीं अधिक गति से हो रहा है।

इसका कारण क्या है अंकल?
लोग कहते हैं यह वायुमण्डल के प्रदूषण की वजह से है पर यह पहेली ही है कि प्रदूषण चुम्बक की तरह इमारतों के कणों को निगल सकता है।

अभिषेक फोटो लेने लगा...
बड़ी देर से कैमरा ताने हो क्या राग-महल से कोई खास पोज़ मांग रहे हो!

अब मैं भी अपनी स्केच बुक का पेट भर दूं।
पहले भी तुमने राग महल का चित्र बनाया था।

वह चित्र यहाँ है अब काफी बदलाव आ गया है...
हाँ, काफी हिस्सा गायब लग रहा है।

इधर पापा भी अपनी डायरी में नोट्स लेते जा रहे थे।
आओ अब अंदर चलकर साजों की ध्वनि का मजा लें।
हाँ, अब कह नहीं सकते यह जादू कितने दिन और रहेगा?

अंदर मंयक एक कक्ष में...
आ... ओ.. अ... ओ..
तक धिन तक

आ.. ओ.. हो..
सा रे ग म
सा रे ग म

कुछ कक्ष तो ढह गये हैं। कुछ गायब हो हो रहे हैं। देखो कब तक रहता है यह चमत्कार!
चलो अब लौट चलें

लौटते समय...
यही है वह गैस वाला प्लांट जहाँ सुबह ट्रकों की टक्कर हुई थी।

वहाँ क्या है? सड़क के किनारे छोटे-छोटे घरौंदे बने हैं — बेडौल
सुंदर हैं। चलो उठाकर घर ले चलते हैं।

अरे, यह तो कड़क है। मैं समझा मिट्टी का होगा।
लगता है पत्थर को पिघलाकर बनाया गया है। संगमरमर जैसा चमक रहा है।
भौं... भौं भौं...
अरे विकी तू घरौंदे को देख कर क्यों गुर्रा रहा है।

रात के समय मयंक अपने कमरे में.
क्यों न आज की घटनाओं के बारे में आलोक चाचा को पत्र लिख डालूं?

आदरणीय चाचा जी, आजकल राग-महल खण्डहर होता जा रहा है.. मानो बिस्कुट की तरह कोई उसे कुतर रहा है... मैं फेरूला देश आना चाहता हूँ.. आपने चाची ढूंढी कि नहीं?

कुछ दिनों बाद...
लो, आलोक का पत्र आया है तुम्हारे नाम ?
क्या लिखा है ?
तुम्हें फेरुला देश बुलाया है।
वह तो हमेशा बुलाते हैं पर यूं ही।

नहीं इस बार तुम्हें लेने किसी को भेजा है ?
किसको ?
टिकिट को।
सच मजा आ गया।

हम सब चलेंगे कितना मजा आयेगा ?
तुम हमें साथ ले चलोगे क्या ?
क्यों, उल्टा बोल रहे हैं ? मुझे आप सभी लोगों के साथ जाना है ?
नहीं, यह निमंत्रण सिर्फ तुम्हारे लिये है क्योंकि वहाँ बच्चों का एक अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है।

क्या मैं यात्रा के लिए अपनी चीजें एक साथ रखना शुरू कर दूं?
हां अवश्य अगले हफ्ते तुम्हें जाना है।

मयंक तैयारी करने लगा...
इस घरोंदे को भी ले चलूं। चाचा को दिखाऊंगा गैस प्लांट की दुर्घटना के बारे में बताऊंगा।

अपनी स्केच-बुक तो ले ही जानी है। और अभिषेक द्वारा खींचे गये फोटोग्राफ भी।

जाने का दिन आ पहुंचा...
डरो नहीं बेटे, प्लेन में सब ख्याल रखेंगे। वहां आलोक रिसीव कर लेगा।

प्रियंका तुम भी चलती तो मजा आता।
इस बार तुम ही मेरी तरफ से घूम लेना... मैं फिर कभी आऊंगी।

इस बार का निमंत्रण सिर्फ मयंक के लिये है।
अच्छा पापा बाय.. बाय
अपना ख्याल रखना।

हवाई जहाज उड़ चला...
फेरुला देश की ओर उड़ान भरने वाले यात्रियों का हम स्वागत करते हैं।

अंदर कुछ घण्टों बाद...
हम भारत से हज़ारों मील दूर हैं। थोड़ी देर में हमारा विमान मूंगा द्वीप उतरेगा जहां एक घण्टे ठहर कर फिर उड़ान भरी जायेगी...

मूंगा द्वीप से उड़ान के बाद...
कुछ और बच्चे प्लेन में आये हैं। हो सकता है ये भी फेरुला देश की चिल्ड्रेन-कांफ्रेंस में जा रहे हैं!
हलो, मेरा नाम मयंक है। मैं फेरुला देश जा रहा हूं
हैलो हम भी वहीं जा रहे हैं मेरा नाम टामस है।

मुझे भारत का राग महल बहुत पसन्द है।
सच में तुम्हें रागमहल के फोटोग्राफ दिखाउंगा

फेरुला देश में विमान उतरा...
वो रहे मेरे आलोक चाचा
अच्छा फिर मिलेंगे!

आओ मयंक, लो इस टाफी को जल्दी से मुँह में रखलो।
मैं टाफी का शौकीन बच्चा नहीं हूँ।

यह साधारण टॉफी नहीं – केप्सूल है। इसको चूस लेने से यहाँ की बदली जलवायु का असर तुम्हारे शरीर पर नहीं होगा।
अच्छा!

कार बगैर स्टेयरिंग के चल रही थी।
यह कैसे अपने आप चल रही है? एक्सीडेण्ट नहीं होगा?
मैंने अपने कार की अलाटेड फ्रीक्वेंसी पर कंप्यूटर से ट्रेक सेट कर लिया है।

अच्छा, यह कैसे होता है?
जैसे अपने यहाँ कार के नम्बर होते हैं, वैसे यहाँ फ्रीक्वेंसी होती है ट्रैफिक कंट्रोल रूम कंप्यूटर से ट्रेफिक पर नियंत्रण करता है।

ट्रेक पर अब कार अपने आप चलती रहेगी।
यह तो जादुई नगरी है।

अपने घर जरा फोन कर दूँ...

हैलो राबिन, हम पाँच मिनट में पहुँच रहे हैं...खाना तैयार रखो।
राबिन कौन है? क्या नौकर है?
हाँ, नौकर है, पर हमारे देश जैसा नहीं, वह रोबट है मशीनी नौकर।
यहाँ रौबेट रखना आम बात है।

आप कहाँ काम करते हैं चाचा?
हमारा यार्ड यहाँ से सौ किलोमीटर है. वहाँ इमारतें बनाने की तकनीकों पर शोध-कार्य हो रहा है।

वो ऊँची लोहे की मीनार किस लिये है?
वो हेली-पैड है- हेलीकाप्टरों के लिये।

यहाँ हेलीकाप्टर बसों की तरह चलते हैं. लोग अपनी छतों से इन पर बैठकर इधर-उधर जाते हैं कुछ ही मिनटों में सैंकड़ों मील दूर तक भी...
कार इक्कीसवीं सदी का सही चमत्कार है यह?

लो अपना घर आ गया. यह राबिन। राबिन यह मयंक
हैलो!

अच्छा मैं यार्ड जाऊंगा. जरूरी काम है. राबिन तुम्हें कम्पनी देगा... तुमसे बातें करेगा... तुम्हारी सेवा करेगा... कहानियाँ सुनायेगा।
क्या खूब बात है!

और देखो, राबिन के सारे कन्ट्रोल उस अलमारी में हैं। अगर वह नियंत्रण के बाहर होने लगे तो लाल वाला इमर्जेंसी बटन दबा देना.. वह बंद हो जायेगा. होशियार रहना.. परसों तुम्हारी कान्फ्रैंस है।
जी ठीक है।

कांग्रेस के दिन...
हलो टामस
हैलो मयंक तुमने अपने देश के बारे में अच्छा बोला सच, वहाँ 'राग-महल' अद्भुत इमारत है।
धन्यवाद तुमने भी गुंगा द्वीप के बारे में रोचक जानकारी दी चलो कहीं घूमने चलें।

राबिन भी साथ था...
हमें यहाँ की जानकारी नहीं, कहाँ जायेंगे।
चिन्ता मत करो मैं अपने रोबोकाप्टर में तुम लोगों को ले चलूंगा।
यह रोबोकाप्टर क्या होता है?
हैलीकाप्टर की तरह होता है जिसे सिर्फ हम रोबट ही चला सकते हैं?

रोबोकाप्टर उड़ चला...
वाह, क्या अच्छे दृश्य हैं। साथ में मैं अपनी स्केच-बुक भी लाया हूँ... कुछ बना लूं!

तेज चलते हुए एकाएक राबिन बेचैन हो उठा...
इसे क्या हो रहा है ?
पीं..पीं
लगता है इसका कोई पुर्जा खराब हो गया है !

यह तो गड़बड़ हो गई हमें रोबोकाप्टर के बारे में कुछ नहीं मालूम
मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा

राबिन तो एकदम डेड हो गया।
राबिन..ओ.. राबिन

घबराहट में मंयक ने दो तीन स्विच दबा दिये...
यह क्या किया रोबोकाप्टर और हिलने लगा
बाप रे..यह क्या हो रहा है!

हमें घबराना नहीं चाहिये..पर..पर..
ठीक है..पर..मेरे होश उड़ रहे हैं।

गोता खाकर रोबोकाप्टर नीचे गिर पड़ा..
टामस... टामस..
मैं कहाँ हूं?

मुझे भी नहीं मालूम लगता है मैं भी बेहोश था..
थैंक गॉड, हम सुरक्षित हैं। पर हैं कहाँ?

बड़ी अजीब जगह है चारों तरफ अधूरी इमारतें और बिखरी हुई मशीनें हैं..
राबिन अभी भी डेड है।

हम मदद के लिये चिल्लाएं
नहीं.. हो सकता है उससे मुसीबत और बढ़ जाये...

वाह, कितनी सुंदर इमारतें हैं पर अधूरी. मानो कोई घरोंदे बना रहा हो...
पर वो सिलेण्डर कैसे हैं.. लाल.. लाल.. ढेर सारे।

ऐसे सिलेण्डर मैंने कहीं देखे हैं.. याद आया वहां गैस प्लांट के चौराहे पर
ये गैस के सिलेण्डर हैं पर तुम्हारे देश से इनका क्या सम्बंध?

सस्ता सिलेण्डर लुढ़कने लगे...
यह क्या छूने से सिलेण्डर गिरने लगे।
बचकर..

कैसी अजीब गंध आ रही है। कोई सिलेण्डर लीक कर गया लगता है।
मेरी इच्छा सिर के बल खड़ा होने की हो रही है।

तब तो ये वे ही सिलेण्डर हैं। विकी को भी वैसा ही हो रहा था।
कानों में घर्र-घर्र भी।

दोनों भागकर एक दीवार के सहारे सिर के बल उल्टा हो गये।

थोड़ी देर बाद गैस का असर समाप्त हुआ।
अरे आसपास वैसे ही घरौंदे हैं.. जैसे वहाँ थे।

मंयक ने घरौंदे का टुकड़ा ले लिया..
क्यों न एक टुकड़ा रख लूं इन घरौंदों का

वे लोग रोबोकाप्टर के पास आये
यहाँ अच्छी इमारतें हैं.. मैं चित्र बना लेता हूँ...
मुसीबत में भी आर्ट अपना क्या होगा ? पर राबिन कब जगेगा?

यह तो मर गया लगता है फिर भी हिम्मत रखनी चाहिये
और तुम्हें ड्राइंग की सूझ रही है हम क्या अपने देश लौट पायेंगे?

कुछ अच्छा ही होगा चलो वहाँ चलकर स्केच बनायें यह इमारत तो अधूरी है पर राग-महल जैसे लगती है...
तुम्हारा भ्रम होगा यहाँ राग-महल कैसे?

तभी किसी ने कंधे पर हाथ रखा पीछे से. दोनों चौंक गये..
हैं.. कौन.. कौन
ह.. रे.. रे..

घबराओ मत, मैं राबिन हूँ
अरे राबिन, तुम जिन्दा हो गये।

हाँ, अब मैं ठीक हूँ किसी ने मेरा इमर्जेंसी बटन दबा दिया लगता था
चलो.. यहाँ से अब जल्दी चलें।

हाँ, यह देश की गुप्त जगह है- रोबोयार्ड। हम यहाँ गलती से उतर गये
रोबो यार्ड यह क्या होता है?
यहाँ यंत्र-मानवों पर नये नये प्रयोग होते हैं।
हम जायेंगे कैसे?

अपने रोबोकाप्टर से उसे मैंने ठीक लिया है। अन्य रोबटस की मदद से
अन्य रोबटस?
हाँ यहाँ के पहरेदार। मैं रोबट हूँ इसलिये कुछ नहीं कहा.. तुम लोग भी बच गये-उन्होंने मेरे दिमाग का फ्यूज ठीक करके मेरी मदद भी की!

वे लोग लौट कर घर आये...
कैसी रही सैर?
अच्छी रॉबिन हमें ले गया था पर संकट आ गया...

मैं तो डर ही गया था। रोबटस पर इतना विश्वास नहीं करना चाहिये। तुम लोगों को काफी देर हो गई थी।
बीच में रॉबिन डेड हो गया था।

हाँ, मैंने यहाँ उसका मास्टर-स्विच दबाया था। तभी मुर्दा हुआ होगा!
पर क्यों
इसलिये कि मुझे शक था कहीं शाचिन की बदमाशी का शिकार तो नहीं हो गये तुम लोग?
नहीं, तुम लोग तो गलती से रोबो यार्ड पहुँच गये थे।

रोबो-यार्ड, वहाँ कैसे पहुँच गये?
वहाँ हमने सिलेण्डर और घरौंदे देखे वैसे ही जैसे अपने देश में राग-महल जाते समय मिले थे।

अच्छा!
हाँ, मैंने स्केच भी बनाया है!

आश्चर्य, रोबो-यार्ड में राग-महल का वही हिस्सा बना है, जो हमारे देश में गायब है।
हाँ, सच अगर मैं अपने दोनों स्केचस को मिला दूँ तो राग-महल पूरा हो जायेगा।
इसका मतलब है कि रोबो-यार्ड में बिल्डिंग-टेक्नोलोजी के प्रयोग हो रहे हैं - वे सभी इमारतों की बनावट का रहस्य पाना चाहते हैं।

और इस काम के लिये मंगल-ग्रह के लोगों से पर्याप्त सहयोग ले रहे हैं मैं देश चलकर भैया से सारी बातें करूंगा...

आप भी देश चलेंगे ?
हाँ, तुम्हारे साथ परसों ही...

दूसरे दिन...
क्यों न मयंक द्वारा रोबो यार्ड और भारत से लाये घरौंदों की मिट्टी के नमूने प्रयोगशाला में ले जाऊँ...

तीसरे दिन वे भारत लौट आये...
स्वागत, वाह आलोक भी आया है
चाचा तो नहीं आ रहे थे, मैं ही पकड़कर ले आया।

कैसी रही फेरूला देश की यात्रा ? क्या लाये वहाँ से ?
चाचा को लाया ?

हंसते खाते रात हो गई...
आलोक चाचा और पापा अभी भी दूसरे कमरे में राग-महल की बातें कर रहे हैं. मैं भी जाऊं...

दोनों चौंक गये...
आप लोग राग महल की क्या बातें कर रहे हैं ?
अब तुम्हें तो बताना पड़ेगा तुम ही रोबोयार्ड गये थे।

तुम्हारे कारण ही मामला सुलझ रहा है।
वो कैसे ?
मैंने घरौंदों की जाँच करवाई थी यहाँ ग्रे-गैस प्लांट के चौराहे पर मिले घरौंदे और फेरुला देरा वाले घरौंदे एक ही तरह के गुण वाले हैं।

इसका मतलब सिलेण्डरों में भी वही गैस थी जिसकी वजह से हमें शीर्षासन करने की इच्छा होने लगी !
ठीक, वह तुम्हारी ड्राइंग भी महत्वपूर्ण है।
यहाँ राग महल का जो चित्र तुमने बनाया उसमें मीनार नहीं थी। रोबोयार्ड वाले चित्र में सिर्फ मीनार थी जो हिस्सा यहाँ गायब.. वह वहाँ है।

आपका मतलब कोई यहाँ राग-महल के हिस्सों को उठा उठाकर वहाँ हजारों मील दूर फेरुला देश ले जा रहा है।
येस, करेक्ट
पर वे ऐसा क्यों करेंगे ?
दूसरे ग्रह वालों की नजर पृथ्वी के ज्ञान पर है और फेरुला देश का मंगल वासियों से समझौता है।

मुझे लगता है राग महल की अनोखी संरचना का रहस्य पाने के लिये वे हमारी इमारत को चुरा रहे हैं।
पर वो इमारत को चुरायेंगे कैसे ?
सिलेण्डरों में भर कर
सिलेण्डर में ?

हाँ, रिपोर्ट से जाहिर है घरौंदों की मिट्टी और राग-महल की दीवारों की मिट्टी एक जैसी है। उस गैस में राग-महल का रहस्य है
कैसा रहस्य ?
वही साजों की आवाज वाला गैस में गुण है कि वह मनुष्य के चेतना-ततुओं से टकराकर सगींत की तरगें पैदा करती है।

अच्छा, पर वे सिलेण्डरों में इमारत को कैसे भर लेते हैं?
गैसीकरण करके।
यह तो हम जानते हैं कि वायुमण्डल का सल्फ्युरिक एसिड रागमहल के संगमरमरी पत्थरों के कैल्शियम कार्बोनेट से कार्बन-डाइ-आक्साइड बनाता है।
इस तरह पत्थरों का आक्सीडेशन होता जाता है।

और अगर इसी प्रक्रिया को संतुलित रासायनिक वातावरण में उल्टा किया जाये यानी डी-आक्सीडेशन किया जाये तो..
तो क्या हमें मूल पत्थर वापस मिल जायेंगे?

बिल्कुल मिल जायेंगे।
तो आपका मतलब है कि रागमहल के साथ ऐसा हो रहा है?

हाँ, लगता है उसके इर्द-गिर्द प्रदूषण का वातावरण जान-बूझकर बनाया गया है उस पर माइक्रोवेव्ज द्वारा रासायनिक-प्रक्रिया की जा रही है।
मतलब उसका आक्सीडेशन करके उसे सिलेण्डरों में भरा जा रहा है।
तस्करी से वे सिलेण्डर दूसरे देश भेजे जा रहे हैं.. जहाँ डी-आक्सीडेशन करके यही इमारत बनाई जा रही है।

तुमने रोबो-यार्ड में जो रिफ्लेक्टर्स एवं पाइप देखे थे-वे डी- आक्सीडाइजिंग प्लांट के होने चाहिये...
अब आप क्या करेंगे पापा?
छापा!

दूसरे दिन मे-गैस प्लांट पर छापा पड़ा...
यहाँ षडयंत्र के सारे प्रमाण मौजूद हैं।

अखबारों में सुर्खियां...
राग-महल को चुराने का वैज्ञानिक षडयंत्र बच्चे द्वारा पर्दाफाश

शाबाश, मयंक.. तुम्हें जरूर पुरुस्कार मिलेगा...

चित्र भारती

कथामाला – रंगीन कामिक्स

(हिन्दी व अंग्रेजी मे उपलब्ध)

भरपूर मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक भी !

चित्र भारती कथामाला
आपके लिए प्रस्तुत करते हैं,
हास्य व रहस्यपूर्ण, रोमांचक
ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक व धार्मिक
कॉमिक्स ।

हा हा हा
ही ही ही ही
हो हो हो

चॉकलेट

हर माह पढ़िए चॉकलेट पत्रिका में जूनियर जेम्स बॉंड, कपिल व चन्दू के अनोखे कारनामों का खजाना एक साथ । साथ ही ढेर सारी मनोरंजन सामग्री भी ।

चार डीलक्स जिल्द सुनहरे अक्षरों से सुसज्जित

चार डीलक्स जिल्द
सुनहरे अक्षरों से सुसज्जित

एस० चन्द एण्ड कम्पनी (प्रा०) लि०